# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class -VI

## Subject- Hindi Second Language

## Topic- चाँद से थोड़ी गप्पें (कविता)

BY - ANU BALA

# चाँद से थोड़ी गप्पें (कविता)

## कवि – शमशेर बहादुर सिंह

# कविता - चाँद से थोड़ी गप्पें






कवि - शमशेर बहादुर सिंह

# चाँद से थोड़ी गप्पें (कविता)

## 4. चाँद से थोड़ी-सी गप्पें

(दस-ग्यारह साल की एक लड़की)

गोल हैं खूब मगर
आप तिरछे नज़र आते हैं ज़रा।
आप पहने हुए हैं कुल आकाश
तारों-जड़ा;
सिर्फ़ मुँह खोले हुए हैं अपना
गोरा-चिट्टा
गोल-मटोल,
अपनी **पोशाक को फैलाए हुए चारों सिम्त**

तिरछे – slanting ज़रा – थोड़े से little खूब – काफ़ी lots of जड़ा होना – लगा होना to fixed on , to attach
कुल – पूरा full
आकाश –आसमान sky
पोशाक – वस्त्र ,कपड़े cloths
चारों सिम्त - चारों ओर all around
गोरा - चिट्टा ,बहुत सफ़ेद fair , white

**व्याख्या - इस कविता में एक दस- ग्यारह साल की लड़की चाँद से बातें कर रही है । लड़की कहती है आप एकदम गोल हैं, पर फिर भी ज़रा तिरछे नज़र आते हैं। यह तारों जड़ा पूरा आकाश आपकी पोशाक है, और आप इसे पहने हुए हैं। इस पोशाक को अपने चारों ओर इस तरह फैला रखा है कि इसके बीच से बस आपका गोरा - चिट्टा और गोल- मटोल चेहरा ही दिखाई देता है।**



# चाँद से थोड़ी गप्पें (कविता)

अपनी पोशाक को फैलाए हुए चारों सिम्त।
आप कुछ तिरछे नज़र आते हैं जाने कैसे
– खूब हैं गोकि!
वाह जी, वाह!
हमको बुद्धू ही निरा समझा है!
हम समझते ही नहीं जैसे कि
आपको बीमारी है:

तिरछे – टेढ़े slanting
नज़र आना – दिखाई देना Appearance
बुद्धू-मूर्ख - foolish
गोकि-यानि - it meant
निरा – एकदम absolute

व्याख्या - लड़की कहती है कि आप अजीब हैं। पता नहीं कैसे तिरछे नज़र आते हैं। पर आप मुझे मूर्ख मत समझिए । मैं जानती हूँ कि आपको कोई बीमारी है।





# चाँद से थोड़ी गप्पें (कविता)

आप घटते हैं तो घटते ही चले जाते हैं,
और बढ़ते हैं तो बस यानी कि
बढ़ते ही चले जाते हैं—
दम नहीं लेते हैं जब तक बि ल कु ल ही
गोल न हो जाएँ,
बिलकुल गोल।
यह मरज़ आपका अच्छा ही नहीं होने में...
आता है।

**घटना – कम होना**
**decrease**
**बढ़ना - increase**
**बिलकुल-completely**
दम -साँस breath
मरज़-बीमारी illness .

**व्याख्या - लड़की चाँद से कहती है कि जब आप घटना शुरू करते हैं तो बस घटते ही चले जाते हैं , बढ़ना शुरू करते हैं तो तब तक बढ़ते हैं जब तक बिलकुल गोल न हो जाएँ । आपकी यह बीमारी ठीक ही नहीं होती है ।**





# अति लघु उत्तरीय प्रश्न

अति लघु प्रश्न

प्रश्न – 1 -चाँद की पोशाक पर क्या जड़ा है ?

उत्तर :- तारे |

प्रश्न – 2 - चाँद घटते-घटते कब गायब हो जाता है ?

उत्तर :- अमावस्या को |

प्रश्न – 3 - चाँद अपनी पोशाक कहाँ फैलाए हुए है ?

उत्तर :- सभी दिशाओं में |

प्रश्न – 4 – लड़की किससे बात कर रही है ?

उत्तर :- लड़की चाँद से बात कर रही है |

प्रश्न – 5 – चाँद कैसा है ?

उत्तर :- चाँद गोल है पर घटता - बढ़ता रहता है |

## लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न -1 - चाँद का चेहरा कैसा है और वह कैसा नज़र आता है?

उत्तर :-चाँद का चेहरा गोरा - चिट्टा और गोल - मटोल है और बह तिरछा नज़र आता है |

प्रश्न - 2- लड़की किससे और क्या बातें कर रही है?

उत्तर:-लड़की चाँद से बातें करते हुए उसके आकार-प्रकार और उसकी पोशाक के बारे में बातें कर रही है।

प्रश्न - 3 - लड़की के अनुसार चाँद बढ़ते-बढ़ते किस स्थिति को प्राप्त करता है?

उत्तर:-लड़की के अनुसार चाँद उस समय तक बढ़ता जाता है जब तक कि बिल्कुल गोल ना हो जाए ।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न – 1 - चाँद की पोशाक के बारे में कविता में क्या कहा गया है?

उत्तर:- चाँद ने पूरे आकाश को अपनी पोशाक बना लिया है , जिसमें तारे जड़े हैं। इस पोशाक में चाँद इस तरह लिपटा हुआ है कि उसके बीच से केवल उसका गोल - मटोल चेहरा ही दिखाई देता है।

प्रश्न - 2 लड़की खुद को बुद्धू समझने से क्यों मना करती है?

उत्तर:- लड़की चाँद से कहती है कि उसे चाँद के घटने , बढ़ने और तिरछे नज़र आने का कारण पता है | चाँद उसे बेवकूफ ना समझे। वह जानती है कि चाँद किसी बीमारी से पीड़ित होने के कारण वह इस तरह घटता - बढ़ता रहता है और उसकी यह बीमारी लाइलाज़ है|

# चाँद से थोड़ी गप्पें
# (कविता)
# व्याकरण

## अनेकार्थी , भाववाचक संज्ञा , काल

प्रश्न-1- निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों से दो-दो शब्द बनाएँ –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 - हार | - | माला | , | हारना |
| 2 - नित्य | - | प्रतिदिन | , | हमेशा |
| 3 - अंक | - | गोद | , | संख्या |
| 4 - पानी | - | जल | , | चमक |
| 5 - लाल | - | बेटा | , | (लाल) रंग |
| 6 - बाल | - | केश | , | बालक |

प्रश्न 2- निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 - | मित्र | - | मित्रता |
| 2 - | मानव | - | मानवता |
| 3 - | सफेद | - | सफेदी |
| 4 - | अच्छा | - | अच्छाई |
| 5 - | गरम | - | गरमी |
| 6 - | जीतना | - | जीत |
| 7 - | हारना | - | हार |
| 8 - | लिखना | - | लेख |

प्रश्न-3- निम्नलिखित वाक्यों में काल पहचान कर काल का भेद बताइए -

1 - बच्चे नाश्ता कर रहे हैं । वर्तमान काल
2 - पूजा ने पुस्तक पढ़ी। भूत काल
3 - रोहन ने दूध पी लिया । भूत काल
4 - अमन परीक्षा दे रहा था । भूत काल
5 - लगता है कल वर्षा होगी । भविष्यत् काल
6 - फरहान नाटक देखने जाएगा । भविष्यत् काल
7 - मोहन पढ़ रहा है। वर्तमान काल
8 - सोनू प्रतिदिन व्यायाम करता है । वर्तमान काल
9 - अनामिका ने गाना गाया । भूत काल
10 - हेमा पत्र पढ़ रही होगी । भविष्यत् काल